स्टेट बैंक की मुख्य शाखा परिसर में बाहर जमा हुआ पानी

# झमाझम बारिश में सड़कें हुई तरबतर



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. मानसून के फिर से लौटने के बाद बीते 3 दिनों से लगातार दिन में एक-दो बार तेज बारिश हो रही है। अचानक से शुरू हो रहे तेज बारिश के दौर से कुछ ही मिनटों में सड़कें तालाब जैसी ही नजर आने लगती है। शहर में मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद शहर के मित्र निवास रोड पर स्टेट बैंक के बाहर सड़क पर पानी जमा हो गया और वह बैंक परिसर में बाहर पहुंच गया जिसके चलते परिसर के बाहर तालाब जैसा नजारा नजर आने लगा था।

शहर में मंगलवार को सुबह से आसमान में थोड़े बादल छाए नजर आए लेकिन दोपहर होते तेज धूप निकल आई जिसके बाद उमस और गर्मी से लोग बेहाल होने लगे थे कि दोपहर करीब 3 बजे आसमान में अचानक से बादल छा गए और कुछ ही देर बाद तेज बारिश का दौर शुरू हो गया जो करीब आधे घंटे से अधिक समय तक चलता रहा। बारिश के चलते मित्र निवास रोड स्थित सिटी फोरलेन पर पानी जमा होने लगा जोकि स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बाहर पार्किंग एरिया में जमा हो गया जिससे आने जाने वाले लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा था।

## 9 मिलीमीटर बारिश

दोपहर में अचानक से शुरू हुई तेज बारिश का दौर थमने के बाद सड़कों पर जमा पानी फिर से उतर गया। सुबह से शाम के दौरान करीब 9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जिले में अब तक 700.1 मिलीमीटर (करीब 28 इंच) वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक औसत 393.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष इस अवधि में 924.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में गत 24 घंटो के दौरान सोमवार सुबह 8 बजे तक औसत 4.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जावरा में 3 मिलीमीटर, पिपलौदा में 2 मिलीमीटर, बाजना में 4 मिलीमीटर, रतलाम में 8 मिलीमीटर तथा सैलाना में 21 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

पत्रिका

पत्रिका 1/9/21

# अभियान संचालित कर शेष हितग्राहियों को लाभांवित करें

रतलाम। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के अंतर्गत जिले के छूटे हुए हितग्राहियों को सितंबर माह में कनेक्शन प्रदान कर दिए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आयोजित बैठक में योजना क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों तथा गैस एजेंसियों को

## ▸ कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

निर्देशित किया कि शेष हितग्राहियों के लिए अभियान संचालित कर कनेक्शन प्रदान किए जाएं। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी, सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश पांडे तथा गैस एजेंसियों के संचालक उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि योजना में हितग्राही को तीन पासपोर्ट फोटो, पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, सभी के आधार नम्बर, वरिष्ठ महिला




मुखिया का खाता, राशन कार्ड अथवा समग्र आईडी तथा मोबाइल नंबर, शासकीय उचित मूल्य दुकान या ग्राम पंचायत में प्रस्तुत करना होगा। जो पात्र नहीं होकर गरीब परिवार से संबंध रखते हैं उन्हें दावे के रूप में 14 बिंदुओं का घोषणा पत्र देना होगा। परिवार के किसी सदस्य की 10 हजार रुपए से ज्यादा आय हो, आयकरदाता हो, प्रोफेशनल टैक्स चुकाते हो, घर में रेफ्रिजरेटर होने, परिवार में सरकारी कर्मचारी हो, टू व्हीलर, थ्री व्हीलर या फोर व्हीलर होने पर उसे योजना में कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने बैठक में निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर पात्र हितग्राहियों के केवाईसी फॉर्म भरवाने के लिए शिविरों का आयोजन करें। शिविरों में राजस्व, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सहयोग दिया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री चौधरी ने बताया की योजना के तहत जिले में 86 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जा चुकी है, मात्र 12000 गैस कनेक्शन और प्रदाय किया जाना है। पात्र हितग्राही योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपनी निकटतम गैस एजेंसी या जिला नोडल अधिकारी अशोक कुमार मीणा मोबाइल नंबर 94253 01139 से संपर्क करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष क्रमांक 07412 270414 है।

नवभारत

नवभारत 1/9/21

## मुक्तिधाम की राह भी आसान नहीं, तीन रास्ते तीनों पर ही गड्ढे



**रतलाम** | त्रिवेणी शहर का प्रमुख मुक्तिधाम है। यहां पहुंचने के तीन रास्ते हैं। हरमाला रोड की तरफ से, त्रिपोलिया गेट और अमृतसागर तालाब के पास गढ़ कैलाश की तरफ से लेकिन तीनों ही रास्ते खराब हो रहे हैं। इससे हादसे हो रहे हैं। यही नहीं अंतिम यात्रा को गुजरने में भी दिक्कत आ रही है। बड़ी मुश्किल से शव वाहन गुजर रहे हैं। बारिश में गड्ढों में पानी भरा होने से गड्ढे नजर नहीं आते हैं। रहवासियों ने कई बार नगर निगम को इसकी शिकायत की। लेकिन गड्ढे नहीं भरे गए। शव वाहन चलाने वाली संस्था वाघेला जीव दया समिति के दिनेश वाघेला ने बताया त्रिवेणी क्षेत्र में सबसे पुराना मुक्तिधाम है। नगर निगम रोड नहीं बना सकता है तो पेचवर्क तो करा सकता है। कल्याण नगर के बंटी कसेरा ने बताया कि मुक्तिधाम जाने के तीनों ही रास्ते खराब हो रहे हैं।

दे. भास्कर 1/9/21

## नल कनेक्शन के माध्यम से जल उपलब्ध करवाने का कार्य जिले में जारी

रतलाम। जल जीवन मिशन में प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के माध्यम से जल उपलब्ध करवाने का कार्य प्रत्येक जिले में जारी है। प्रदेश के 3151 ग्रामों के हर घर में अब नल कनेक्शन के जरिये शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति हो रही है। अब तक स्थापित क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के अनुसार प्रदेश की ग्रामीण आबादी की जलप्रदाय योजनाएँ त्वरित गति से पूर्ण की जा रही हैं, ताकि ग्रामीणों को योजना से लाभान्वित किया जा सके। जल जीवन मिशन में 40 लाख 19 हजार नल कनेक्शन मुहैया करवाकर पूरी ग्रामीण आबादी के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 33 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा चुकी है। घर-घर पेयजल की व्यवस्था के लिए चालू मिशन में निरन्तर विस्तार होता जा रहा है। प्रदेश की लगभग सवा पाँच करो? ग्रामीण आबादी के लिए एक करो? 22 लाख नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है। जल जीवन मिशन में यह कार्य वर्ष 2023 तक पूर्ण किए जाने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को होगा

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 सितंबर को रतलाम जिला न्यायालय तथा जावरा व आलोट तहसील न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। जिला न्यायाधीश ने आमजनों से अपील की कि अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लेकर लाभ लेवे। नवभारत

नवभारत 1/9/21

## लोक अदालत में छूट शर्तों के तहत दी जाएगी

रतलाम | लोक अदालत में आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसर और उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।

दै. भास्कर 1/9/21

# डेंगू पॉजिटिव 200 के पार, 48 घंटे में 10 नए केस, मेडिकल कॉलेज में भी जांच की तैयारी

## मेडिकल कॉलेज को जांच केंद्र बनाने मलेरिया अधिकारी ने पत्र लिखा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में डेंगू नया रिकॉर्ड बनाने के करीब है। मंगलवार को शहर में कुल केस 202 हो गए। पिछले 48 घंटे में 10 नए मामले सामने आए हैं। इधर, अब मेडिकल कॉलेज में इलाज के साथ ही जांच की तैयारी भी की जा रही है।



अगस्त महीने की शुरुआत में शहर में 63 डेंगू के केस थे लेकिन इसके बाद से ही संख्या तेजी से बढ़ना शुरू हो गई। शहर में मामले तेजी से बढ़े हैं। सिर्फ 31 दिन में ही शहर में 139 मामले सामने आ गए है। इसी के साथ मंगलवार को डेंगू पॉजिटिव का आंकड़ा 202 पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा चौंकाने वाला है, ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पहले 2018 में 242 मामले सामने आए थे। जो सर्वाधिक थे। इस साल डेंगू मरीजों का आंकड़ा नए रिकॉर्ड के करीब पहुंच चुका है।

### 2018 में ठंड में मिले थे ज्यादा केस

जिले में 2018 में डेंगू बेकाबू हुआ था। लेकिन, इस साल ठंड में ज्यादा केस मिले थे। इस बार बारिश के मौसम से ही डेंगू के मामलों का बढ़ना भी चिंता की बात है। अभी पूरा सालभर बाकी है। ऐसे में इस बार 2018 से ज्यादा मामले सामने आ सकते है।

**डेंगू... इस साल नया रिकॉर्ड बनाने को तैयार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2015 | 70 | 2019 | 162 |
| 2016 | 32 | 2020 | 42 |
| 2017 | 34 | | |
| 2018 | 242 | 2021 | 202 |

### मेडिकल कॉलेज को किट देंगे, डीन से की चर्चा

इधर, डेंगू के मरीजों का मेडिकल कॉलेज में भी इलाज होने वाला है। इसे लेकर मंगलवार को मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता से चर्चा की। मेडिकल कॉलेज में भी जांच की शुरुआत की जाएगी। मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इसके लिए दो दिन में किट भी उपलब्ध करवा देंगे। मेडिकल कॉलेज को भी जांच केंद्र बनाने के लिए अपर संचालक डॉ. संतोष जैन को लिखा है।

### बाजना में बताए लार्वा को नष्ट करने के तरीके

मंगलवार को बाजना में आशाओं को मलेरिया डेंगू का प्रशिक्षण दिया गया। मलेरिया अधिकारी ने फीवर सर्वे, लार्वा की पहचान, लार्वा को नष्ट करने के तरीके के बारे में बताया। डेंगू के प्रकोप से निपटने के तरीके भी बताए।

दै. भास्कर 1/9/21

# डेंगू के छह नए मरीज मिले, ठीक होने में भी लग रहा समय

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने का क्रम जारी है। तमाम प्रयासों के बाद भी नए मरीज मिलने में कमी नहीं आई है। चार दिन में 16 मरीज मिल चुके हैं। इसमें जिला अस्पताल लैब के एलायजा टेस्ट की 16 रिपोर्ट में मंगलवार को मिले छह मरीज भी शामिल हैं। अब कुल मरीजों की संख्या 197 हो गई है।

मंगलवार को मिले मरीजों में दो मरीज उज्जैन जिले के खाचरौद के हैं। निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। इस बार डेंगू से ठीक होने में भी मरीजों को समय लग रहा है।

इधर शहर में मलेरिया विभाग की टीम ने मंगलवार को 237 घरों का सर्वे किया। इस दौरान छह घरों में लार्वा नष्ट कराया गया। इसके अलावा बाजना में आशाओं को डेंगू से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। आशाओं को जांच की विधि, मलेरिया सर्विलेंस सामग्री, लार्वा सर्वे, पहचान, डेंगू के प्रकोप से निपटने के नए तरीके बताए गए।

प्रशिक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, बीएओ बाजना, लैब टेक्नीशियन, मलेरिया निरीक्षण उपस्थित रहे।

शहर में फीवर सर्वे में मिले बुखार के मरीजों को उपचार देने के साथ घरों में मिल रहे लार्वा को नष्ट कराया जा रहा है और फागिंग भी हो रह रही है। मंगलवार को भी शहर में सर्वे के दौरान दो बुखार के मरीज मिले। इनकी मलेरिया जांच की गई है और डेंगू की जांच के लिए सैंपल लैब भेजा गया है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आशाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। नईदुनिया

नईदुनीया 1/9/21

# जिला अस्पताल के रोगियों का चयन कर आयुष्मान कार्ड बनाओ

## आयुष्मान कार्ड धीमे बनने से कलेक्टर नाराज

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

जिले में आयुष्मान कार्ड कम बनने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम नाराज हैं। मंगलवार को कलेक्टर की यह नाराजगी टीएल में भी दिखी। निगम आयुक्त और एसडीएम को आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति बढ़ाने का कहा ताकि शासन की योजना का लाभ लोगों को मिल सके। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को भी कहा है कि अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीज़ों में से पात्र हितग्राहियों का चयन करके उनके कार्ड बनाए जाएं। सभी एसडीएम को 1 हजार कार्ड प्रतिदिन बनाने के लिए कहा।

**पीएचई को व्यवस्था के निर्देश दिए :** कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी को कहा अतिक्रमण वास्तविक रूप से हटाएं सिर्फ केस दर्ज नहीं करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार रैंडम निरीक्षण करें। 15 सितंबर तक काम पूरा किया जाना है। सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। पीएचई को 30 सितंबर तक सभी स्कूलों व आंगनवाड़ियों में पेयजल व्यवस्था करने का कहा।

दै. भास्कर 1/9/21

# जिले में 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन कर दिया जाएगा

## कलेक्टर ने बैठक लेकर समीक्षा की

रतलाम। रतलाम जिले में आगामी 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के प्रथम डोज का वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कोविड-वैक्सीनेशन के तहत 31 अगस्त तथा एक व 2 सितंबर की तिथियों में सवा लाख से भी ज्यादा व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। उक्त जानकारी कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा वैक्सीनेशन प्रगति की समीक्षा बैठक में दी गई। ऑनलाइन आयोजित उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े थे।

बैठक में बताया गया कि 31 अगस्त को जावरा में 15 हजार, पिपलोदा में 12 हजार, आलोट में 6 हजार, रतलाम ग्रामीण में 7 हजार, सैलाना में 5 हजार तथा बाजना में 5 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसी प्रकार रतलाम शहर में 3 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर द्वारा लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अर्जित करने के लिए समस्त कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में सभी एसडीएम से जानकारी लेते हुए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी असामाजिक तत्व कानून व्यवस्था बिगाड़ नहीं पाए, यह सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक किसी भी पोस्ट पर पुलिस थाने में एफआईआर करवाई जाए।

ऐलान

स्वतंत्र ऐलान 1/9/21

# 15 तक शत-प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन कर दिया जाएगा

## कलेक्टर ने बैठक लेकर समीक्षा की

रतलाम। रतलाम जिले में आगामी 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के प्रथम डोज का वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कोविड-वैक्सीनेशन के तहत 2 सितंबर की तिथियों में सवा लाख से भी %यादा व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। उक्त जानकारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा वैक्सीनेशन प्रगति की समीक्षा बैठक में दी गई। ऑनलाइन आयोजित उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े थे। 216

राज एक्सप्रेस 1/9/21

**गड्ढों को अर्पित किए फूल व माला**

# सड़क को दिवंगत मान दी श्रद्धांजलि

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में सड़कों के गड्ढों से अब आमजन व्यथीथ हो चुका है। अब तक राजनीतिक दल के नेता आंदोलन करते हुए ज्ञापन से लेकर विरोध करते रहे हैं, अब आमजन सड़क पर विरोध करने उतर रहा है। शहर के देवरादेव नारायण नगर क्षेत्र में रहवासियों ने सड़क के गड्ढों से परेशान होकर उसे दिवंगत मानकर श्रद्धांजलि ही दे दी। इस दौरान रहवासियों के साथ कांग्रेस नेता भी उपस्थित रहे।

रहवासियों ने बताया कि देवरादेव नारायण नगर की पेयजल टंकी के सामने से निकलने वाली सड़क जो पानी की टंकी के सामने से विनोबा नगर होते हुए रेलवे कॉलोनी व औद्योगिक क्षेत्र जाती है वो पूरी तरह से जर्जर हो गई है। इसलिए इस सड़क को हमने अब दिवंगत मान लिया है व इसकी आरती करते हुए पुष्पमाला अर्पित कर दी। क्षेत्र की रहवासी व महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव अदिति दवेसर व बबीता नागर के अनुसार 10 वर्ष पूर्व क्षेत्र में सड़क का निर्माण हुआ था। नगर निगम की अनदेखी के चलते अब यह सड़क जर्जर हो गई है। गांधीवादी तरीके से निगम को जगाने का कार्य रहवासी कर रहे हैं।

## निगम को दी चेतावनी

रहवासी बबीता चौरसिया, मधुबाला मालवीय, मधु सिसौदिया, मीना वर्मा, कुसुम भाना, सुशीला यादव, उर्मिला यादव, सरोज कोटिया, ममता नारोलिया, राजकुमारी शर्मा, अंजू महावर सहित क्षेत्र की कई महिलाओं ने निगम के जिम्मेदारों को चेतावनी देते हुए कहा अगर एक पखवाड़े में सड़की की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो निगम कार्यालय जाकर आंदोलन किया जाएगा।

पत्रिका

पत्रिका 1/9/21

# जाली लगा सुरक्षित की गई जमीन खसरा खाते में सरकारी भूमि दर्ज फिर भी नजूल ने मार्ग की भूमि बताकर दी एनओसी

## कार्रवाई के लिए प्रशासन ने नगर निगम को लिखी चिट्ठी, नगर निगम नोटिस देकर मांगेगा जवाब

### धोखे की द्वारका रेजीडेंसी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने खरीदारों को धोखा देने के लिए जिस जमीन पर सीमेंट कांक्रीट करके सड़क बता रखी है, वह खसरा खाते में सरकारी भूमि के नाम से दर्ज है। बावजूद नजूल ने मार्ग की भूमि बताकर एनओसी दे रखी है। टीएंडसीपी ने नक्शा पास किया तो नगर निगम ने बिल्डिंग परमिशन दे दी। यह अफसरों द्वारा की जा रही जांच में हुआ। अब निर्माण सहित तमाम अनुमति निरस्त करने के लिए कार्रवाई शुरू हो गई है।

मंगलवार को प्रशासन ने नगर निगम को कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। अब नगर निगम द्वारका रेजीडेंसी फर्म को नोटिस जारी करेगा। जवाब के बाद लीगल एक्शन होगा।

### नामांतरण को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती



राम मंदिर के सामने बनी द्वारका रेजीडेंसी।

कोर्ट के आदेश से जिस सर्वे नंबर 43/1131 की 0.840 हेक्टेयर जमीन का 2012-13 में राजस्व अभिलेख में नामांतरण किया गया है। प्रशासन उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। इसमें प्रशासन सफल रहा तो पूरी जमीन ही सरकारी घोषित हो सकती है। राम मंदिर के सामने वाली इसी जमीन पर बहुमंजिला द्वारका रेजीडेंसी बनाई जा रही है।

### पार्किंग एरिया बनाने की तैयारी

रविवार को द्वारका रेजीडेंसी के सामने वाली जिस 8500 वर्गफीट जमीन को प्रशासन ने लोहे की लगाकर सुरक्षित किया है। उस पर प्रशासन राम मंदिर बाजार क्षेत्र का पार्किंग एरिया बनाने पर विचार कर रहा है। दरअसल द्वारका रेजीडेंसी की सर्वे नंबर 43/1131 वाली जमीन और चेतक ब्रिज के बीच लगभग 15276 वर्ग सरकारी जमीन है। इसमें से 8500 वर्ग फीट जमीन पर फर्म ने बिना अनुमति सीमेंट कांक्रीट कर लिया है।

- *नगर निगम ने द्वारका रेजीडेंसी के सामने वाली सरकारी जमीन को रास्ता मानकर परमिशन दी है इसलिए नगर निगम को लीगल एक्शन लेने के लिए चिट्ठी लिख दी है। निगम नोटिस देगा। फर्म का जवाब आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

- *द्वारका रेजीडेंसी के सामने वाली जमीन खसरा खाते में शासकीय नजूल भूमि दर्ज है। वहीं नजूल ने मार्ग की भूमि बताकर एनओसी दे रखी है। विस्तृत जांच के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा। जैसा वरिष्ठ अधिकारी निर्देश देंगे, उस अनुसार नक्शे और अनुमतियों को लेकर कार्रवाई करेंगे।*

**जीएल वर्मा,**
प्रभारी उपसंचालक -टीएंडसीपी

भास्कर

दे. भास्कर 1/9/21

कलेक्टर की भी नहीं सुनी निगम के दल ने

# कैसा हटेगा अतिक्रमण : अनदेखी इस कदर, अतिक्रमण हटाना था, चेतावनी देकर आ गए

पत्रिका सिटी हैपनिंग



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम को मंगलवार से शहर के चिन्हित किए गए 29 अवैध तबेले व सागोद रोड की गुमटियों को हटाना था। निगम के स्वास्थ्य व राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत इतनी कि कलेक्टर व निगम प्रशासकके आदेश को भी नहीं माना।

शहर के सागोद रोड पर सिटी फोरलेन बनकर तैयार हुआ है। यहां पर चौड़ी सडक पर अवैध गुमटियां शहर का सौंदर्यीकरण तो बिगाड़ ही रही हैं इसके साथ साथ सड़क को भी छोटा कर रही है। इसके बाद कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को साफ निर्देश दिए थे कि मंगलवार से इन अवैध गुमटियों को हटाया जाए। इतना ही नहीं शहर में सड़क पर घूमकर यातायात बिगाड़ रहे मवेशी के खिलाफ अब तक चले अभियान से भी कलेक्टर कुमार खुश नहीं है। इसलिए अवैध तबेले तोड़ने का फरमान दिया।

## 15 साल से दे रहे नोटिस

नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग पिछले 15 साल से हर बार अवैध तबेले चलाने वालों को कागजी नोटिस दे रहा है। कलेक्टर ने सख्त लहजे में इनको तोड़ने को कहा था, बदले में निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एक बार फिर से सिर्फ मुंह जबानी नोटिस देकर आ गए। इसके लिए एक दिन का समय दे दिया गया। इसके पूर्व जब मवेशी पकड़ने का अभियान अगस्त 2020 में शुरू किया गया था तब भी इसी प्रकार के नोटिस दिए थे। हर साल सिर्फ नोटिस ही जारी किए जाते हैं। जबकि मवेशी से निगम की एक महिला कर्मचारी की मौत तक हो चुकी है।

## नोटिस जारी किए है

अवैध तबेले संचालक को घर घर जाकर नोटिस दिए है। 29 वे है जिनको चिन्हित किया गया है। इनकी संख्या इससे अधिक है। - **एपीसिंह,** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम

पत्रिका 1/9/21